## मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047' विषय पर लोगों से संवाद किया

# देश के विकास का इंजन बना यूपी : योगी




गाजियाबाद, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पहले गाजियाबाद की पहचान अपराधियों और गैंगस्टर से होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। भाजपा के शासन काल में गाजियाबाद की पहचान औद्योगिक नगरी और शिक्षा के बड़े केंद्र के रूप में हो रही है। यूपी देश के विकास का इंजन बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047' विषय पर लोगों से संवाद करने के लिए गाजियाबाद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचे। उन्होंने कहा भाजपा के शासन काल में जब से गाजियाबाद और मेरठ 12 लेन के एक्सप्रेसवे और रैपिड रेल (नमो भारत) के साथ जुड़े हैं, यहां छवि बदल गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मुझसे सभी कहते थे कि नोएडा नहीं जाना। जो कोई भी गौतमबुद्ध नगर जाएगा, वह दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनेगा। मैंने कहा कि मैं तो जरूर जाऊंगा और गया भी। लूट खसोट करने वाले ने ही मिथक बनाए। बिजनौर के लिए भी कहा जाता था कि वहां रात में नहीं रुकना चाहिए। आगरा के लिए भी कहा गया कि सर्किट हाउस में नहीं रुकना है। रुके तो भूत आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने सारे मिथक तोड़े। यूपी का मैं पहला ऐसा मुख्यमंत्री हूं कि पांच साल लगातार मुख्यमंत्री रहने के बाद जनता ने फिर से चुना।

**16** हॉल में खेलों में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित होगी

**25** सौ से अधिक स्टॉलों में उत्पादों को देखने का मौका मिलेगा

- भारत-रूस के शीर्ष उद्योगपतियों, बीमा कंपनियां निवेश पर करेंगी मंथन

### प्रधानमंत्री सवा घंटे तक एक्सपो मार्ट में रहेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। वह सवा घंटे यहां रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सुबह करीब 9.30 बजे हेलीकॉप्टर से एक्सपो मार्ट आएंगे और पौने 11 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। इसके बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### ट्रेड शो में 100 से अधिक देश भागीदार

उत्तर प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा मेला अपने तीसरे संस्करण में नया इतिहास रचने को तैयार है। इस बार मेले में सौ से अधिक देशों के लोगों के आने की संभावना है। मेले में सहयोगी देश के रूप में रूस उपस्थिति दर्ज कराएगा। ट्रेड शो ने पिछले दो संस्करणों में दुनिया में धाक जमाई। प्रदेश के गांव और गलियों के हुनर को दुनिया के बाजार तक पहुंचा दिया।



गाजियाबाद में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से लोगों को संबोधित किया। • हिन्दुस्तान

### यूपी ट्रेड शो के लिए निवेश पर होगा मंथन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की धरती एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय निवेश और साझेदारी का मंच बनने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीतियों और निवेश अनुकूल माहौल की वजह से प्रदेश वैश्विक स्तर पर तेजी से अलग पहचान बना रहा है। इसी कड़ी में आगामी रूस-इंडिया बिजनेस डायलॉग का आयोजन 26 सितम्बर 2025 को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। यह संवाद सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

## 'ट्रेड शो में विदेशी मेहमानों को असुविधा न हो'

नोएडा, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियां परखीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ट्रेड शो ने गौतमबुद्ध नगर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी है। इसलिए यहां आने वाले देश-विदेश के मेहमानों को कोई दिक्कत न हो। उन्हें जाम से न जूझना पड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी तैयारियों की प्रस्तुति दी। सड़कों पर सुरक्षा और जाम से निपटने के संबंध में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ट्रेड शो पूरी दुनिया में एक नई पहचान बना रहा है। इसके माध्यम से यूपी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई दस्तक दी है। इस बार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पांच लाख से अधिक मेहमान आएंगे। ध्यान रखना है कि यहां आने वाले मेहमानों और उद्यमियों के सामने साख पर कोई दाग न लगने पाए।